<u>प्रतिवेदन</u>

कार्यक्रम – जिला स्तरीय खो–खो पुरूष प्रतियोगिता खरसिया

आयोजक – क्रीड़ा विभाग

दिनांक – 15/09/2018

जिला स्तरीय खो–खो (पुरूष) प्रतियोगिता दिनांक 15 सितम्बर को एम जी शासकीय कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया के क्रीड़ांगन में सम्पन्न हुआ। आयोजन सचिव डॉ0 रमेश टण्डन ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में जिले से कुल पाँच महाविद्यालयों ने सहभागिता की। प्रो0 एम एल धीरही, प्रो0 एम के साहू, प्रो0 सरला जोगी, डॉ0 सुशीला गोयल, प्रो0 विनोद जांगड़े, प्रो0 जयप्रकाश यादव, प्रो0 जयराम कुर्रे, प्रो0 नेहा राठौर, प्रो0 प्रमोद राठौर, प्रो0 अंकित अग्रवाल, प्रो0 एस के इजारदार, प्रो0 जे केरकेट्टा, प्रो0 के एक्का, प्रो0 दिनेश संजय सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों की उपस्थिति में सम्पन्न इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एम डी वैष्णव एवं विशिष्ट अतिथि तापस चटर्जी, डॉ0 आनंद शर्मा, प्राचार्य अर्चना आसटकर, प्रो0 एस पी दर्शन, बी एस राठिया, पैंकरा, आर बी बर्मन आदि टीम मैनेजर्स व कोच थे। तीजराम पटेल, आर जी पटेल, खलखो, वशिष्ठ यादव, सुमन बाला चौहान आदि निर्णायकों ने मैच को सम्पन्न कराया। प्रथम मैच पी डी रायगढ़ व धरमजयगढ़ के मध्य हुआ जिसमें धरमजयगढ़ 06 अंकों से विजयी हुआ। द्वितीय मैच जोबी व के जी रायगढ़ के मध्य हुआ जिसमें के जी रायगढ़ ने 30 अंको से शानदार सफलता हासिल की। तृतीय मैच खरसिया व धरमजयगढ़ के मध्य खेला गया, जहाँ खरसिया ने विजयी हासिल की। अंतिम मैच बहुत ही रोमांचक व कड़े मुकाबले का रहा जो केजी रायगढ़ व मेजबान एम जी खरसिया के मध्य सम्पन्न हुआ, जिसमें रायगढ़ ने मात्र दो अंको से जीत हासिल की। इसके निर्णायक तीजराम पटेल व सुमनबाला ने बहुत ही अच्छे से अंतिम मैच को निर्विघ्न व पक्षपात रहित सम्पन्न कराते हुए राज्य स्तरीय मैच के लिए छात्रों का चयन भी किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए केजी रायगढ़ से अनिल सिदार, सूरज सिदार, चेतन यादव, वेदप्रकाश, राजेश, एमजी खरसिया से गोविन्द, केश्वर, रामनाथ, राजकुमार, केजी रायगढ़ से यमराज, धरमजयगढ़ से शिवप्रसाद, पीयूष का चयन हुआ। आपाती में लाला राम, भोर सिंह, महेश महंत व कुमार को सुरक्षित रखा गया है।